


## खबर संक्षेप



### खरोरा के ग्रामीणों ने किया देवी दर्शन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के 10 परिवारों ने शीतकालीन अवकाश पर बालाघाट, कुबेरेश्वर धाम सीहोर, महाकालेश्वर उज्जैन, काल भैरव, हरि सिहीकी, घटकनिका, मंगल मंदिर, संदीपनी, आश्रम, बड़ा गणेश, ओंकारेश्वर धाम, ममलेश्वर मंदिर, शारदा मंदिर मैहर, नर्मदा उदम स्थल अमरकंटक, रतनपुर मंदिर में देवी दर्शन किया गया।

### सिंघनपुर में मड़ई मेला आज

**महासमुंद।** सिंघनपुर (झलप) में 31 दिसम्बर रविवार को 04 बजे से मड़ई मेला का आयोजन किया गया। रात्रि कार्यक्रम में लोक कला मंच जोहार ग्रुप रायपुर (सिंगर प्रीतम टाण्डी) की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

### खरोरा में मनाया गया गणेश चतुर्थी व्रत



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत पर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। उमा साहू, महेश्वरी चन्द्राकर, बेदन बाई चन्द्राकर, सुमन यादव, अल्फु साहू, मालती पटेल, जय साहू, ओमप्रकाश सेन, डेविका साहू, राजकुमरी यादव, खुशबू निषाद, मधु चन्द्राकर, मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि कोई भी कार्य में पहले भगवान गणेश की पूजा अर्चना संपन्न होते हैं। संकष्टी चतुर्थी व्रत का मान्यता है कि इस दिन व्रत और भगवान गणेश की आराधना करने से सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिमलती है। इस साल संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत 30 दिसम्बर को मनाया गया।

## निधन

### टीकाराम पटेल



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी सुभाष चौक निवासी टीकाराम पटेल (57) का 29 दिसम्बर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे किरण पटेल के पति व राजाराम पटेल, इंकु पटेल के पिता थे।

भेंट : नपा कार्यवाही अध्यक्ष बनने विस अध्यक्ष ने जताई खुशी

# कार्यवाहक अध्यक्ष बने चंद्रकुमार विस अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

- पटेल ने कहा : नगर में स्वच्छता व रूके हुए विकास कार्य होंगे

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 37(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद सरायपाली के अध्यक्ष के पद पर आगामी आदेश तक वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद चन्द्रकुमार पटेल (मिलो) को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है।

उनके नगर पालिका अध्यक्ष बनाए जाने पर नगर में हर्ष व्याप्त है। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शहर के नगरिकों ने आतिशबाजी कर फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर पटेल ने कहा कि कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे नगर में स्वच्छता व रुके हुए विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।



### विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। विस अध्यक्ष सिंह ने चंद्रकुमार पटेल को नगर पालिका परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष जताया। इस अवसर पर ओम प्रकाश चौधरी, स्वर्ण सिंह सलूजा भी मौजूद रहे।

# दैवेभो कर्मचारियों ने सीएम से मिलकर की नियमितीकरण एवं स्थायीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)



छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के जशपुर जिलाध्यक्ष की टीम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुलाकात कर नियमितीकरण एवं स्थायीकरण किए जाने का प्रस्ताव बनाकर सौंपा गया, जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द नियमितीकरण का निर्णय लिये जाने की बात कहीं गई।

वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी लगातार मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों से सतत संपर्क बनाये रखे है, हमेशा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं श्रमिकों के हित में आवाज उठाते हुए आ रहे है। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री व छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक रामकुमार सिन्हा के सकुशल मार्गदर्शन में प्रत्येक जिला में मंत्री, विधायक, मुख्यमंत्री को आवेदन सौंपा जा रहा है। ताकि, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, दैनिक श्रमिक, वाहन चालक, कार्यालय सहायक, कम्प्युटर आपरेटर, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिकों को नियमितीकरण एवं स्थायीकरण लाभ मिल सकें। मुलाकात के दौरान जशपुर जिलाध्यक्ष जयंत सिंह, प्रदेश मिडिया प्रभारी समर विजय प्रसाद, नुसरत परवीन, जिला उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, जिला सचिव गजेश्वर प्रसाद, आशुतोष सोनी, बलदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों को बोनस से वंचित करने भाजपा ने रचा षड़यंत्र : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा बकाया बोनस देने की प्रक्रिया को महज एक नौटंकी करार देते हुए कहा कि भाजपा ने अपने समय का बकाया बोनस कम किसानों को देना पड़े इसके लिए सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र रचा। क्योंकि, चुनाव पूर्व उनके घोषणा पत्र में बकाया बोनस वर्ष 2016-17 और 2017-18 का दिया जाना उल्लेखित था, पर सरकारी आदेश वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 का निकला। जिसमें से केवल 2014-15 (1 वर्ष) का बोनस ही बहुत कम किसानों को दिया गया। 2015-16 का बोनस दबा दिया गया।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा और प्रशासनिक तंत्र द्वारा कम कृषकों को बोनस देना पड़े इसके लिए यह षड़यंत्र रची गई। क्योंकि, वर्ष 2014-15 में पंजीकृत कृषकों की संख्या कम रही। तब प्रदेश में अकाल पड़ा था और बहुत कम किसानों ने धान बेचा था। उन्होंने कहा कि 8 वर्ष पुराना जो बोनस कृषकों को दिया गया है, उसका उन्हें ब्याज भी देना चाहिए। क्योंकि, बैंक में भी 7 वर्ष में राशि दोगुनी हो जाती है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा पुनः किसानों को ठगने का कार्य कर रही है। भाजपा ने वादा किसी और साल का बोनस देने का किया और दिया किसी और साल का। इसके अलावा भाजपा के नेताओं द्वारा 2 लाख तक कर्ज माफी की बात भी चुनावी सभा में की गई। जिससे वे मुकर गए। इन सब बातों से यह तय हो गया है कि भाजपा ने किसानों को सिर्फ और सिर्फ ठगने का कार्य ही किया है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी को छत्तीसगढ़ के किसान देख और समझ रहे हैं, कि कैसे केंद्र की मोदी सरकार के रिमोट पर चलने वाले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को धोखे में रखा। प्रदेश के किसानों को ठगने का भयंकर परिणाम आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ेगा।



### फाइनल मैच में शारदा इलेवन की टीम ने मारी बाजी

**सरायपाली।** अंडर पीसीएस ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता बुढ़ाडोंगर कप 2023 का आयोजन सरस्वती क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी माल्दामाल द्वारा किया गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 10001 रुपए एवं ट्राफ़ी ,द्वितीय 5001 रुपए एवं ट्राफ़ी प्रदाय किया गया। फ़ाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल पहुंचें। फाइनल मैच माल्दामाल एवं शारदा इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें शारदा इलेवन की टीम ने बाजी मारी। विशिष्ट अतिथि अनिता चौधरी, एसपी चौहान, दशरथी यदु, तेजराम बीसी,महेश नायक, शैलेंद्र साहू, तुषार सेन, आशीष सेन, आयुष साहू, विजय नाग, किशन जयसवाल, तरुण गड़तिया, निर्मल प्रधान, गजानंद नायक, युधिष्ठिर साहू, देवेंद्र बढ़िया, देवेंद्र भोई उपस्थित रहे।

# सतनाम के संदेश की अलख जगाना ही सच्ची मानव सेवा : अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने विगत दिनों ग्राम मुड़ियाडीही में आयोजित बाबा गुरु घांसीदास जयंती में शिरकत की।



अंकित बागबाहरा ने वहां सामाजिक बंधुओं द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत व पूजा अर्चना की। अंकित ने बताया कि बाबा गुरु घासीदास द्वारा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सतनाम का संदेश दे सर्व समाज को एकता का संदेश देने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया और आज भी यही पंक्तियां सर्व समाज को भाईचारे के एक सूत्र में पिरोने स्वर्णिम पंक्तियां है। सादा जीवन उच्च विचार और सफेद उजले रंग का ही प्रयोग उनके सात्विक होने की अद्वितीय मिसाल है। इस शोभायात्रा में अखाड़ा कोड़ापार अमसेना ने अद्वितीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकित बागबाहरा के साथ तारेश साहू, मनहरण गुप्ता, विजय मिर्चे, लेखराम राय, बंसीलाल जेंडर, संतोष बंजारे, टेकलाल बघेल, पन्ना लाल बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व समाजजन मौजूद रहे।

# राष्ट्र प्रेम और सेवा भावना का संदेश है रासेयो: द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमाशाला खम्हरिया के विशेष सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि युवाओं में राष्ट्र प्रेम और सेवा भावना का संदेश ही रासेयो का मुख्य थीम है। एनएसएस के उद्घोष कश्मीर से कन्याकुमारी भारत माता एक हमारी में ही यह सार छुपा है कि पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक भारत माता एक है और अखंड है। मैं नही आप याने हमें अपने लिए नही बल्कि सदैव दूसरों के लिए जीना चाहिए।

शाउमाशा खम्हरिया के रासेयो के प्रभारी अधिकारी नारायण चौधरी ने बताया कि एनएसएस के सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए, युवा, ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका, मेरे युवा भारत जैसे थीमों को लेकर विद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा सत्र 2005-06 से अंचल के गांवों में शिविर लगाकर रासेयो के संदेशों को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में सत्र 2022-23 विशेष सात दिवसीय शिविर का समापन 27 दिसम्बर को ग्राम पेंड्रा ग्राम पंचायत तुसदा में विधायक द्वारिकाधीश यादव, थानसिंह दीवान सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा, सरपंच ग्राम पंचायत तुसदा हेमिन संतोष ध्रुव, पुकलाल चंद्राकर अध्यक्ष शाला प्रबन्धन एवम विकास समिति शाउमा खम्हरिया, मोहर सिंह ध्रुव अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शा प्राथमिक शाला पेंड्रा तथा बसन्त ध्रुव ग्राम प्रमुख पेंड्रा के विशिष्ट उपस्थिति में हुआ। शिविर में प्रति दिवस जागरण के साथ प्रभात फेरी, व्यायाम एवम योगाभ्यास परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा तथा सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम नियमित संचालित हुए। परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम गलियों की सफाई, तालाब घाट की सफाई, मार्ग समतलीकरण, सोखता निर्माण, दीवाल लेखन, दीवाल तथा पेड़ों में प्लास्टिक बोरी टांगकर अस्थायी डस्टबिन बनाकर स्वच्छता का संदेश, अस्थाई मंच निर्माण के साथ साथ अस्थाई चबूतरों का निर्माण प्रमुख रहे। सांध्यकालीन मनोरंजक एवम शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तोला मोला सब ला जाना है गीत की झांकी, सम्पूर्ण रामायण की प्रस्तुति, भगवान भोलेनाथ की बाराती की झांकी, सुवा नृत्य, करमा नृत्य, पंथी नृत्य तथा छतीसगढ़ महतारी वंदन, देशभक्ति एवम एनएसएस के संदेशों से ओतप्रोत नृत्यों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर खूब वाहवाही बटोरी। प्रहसन



गुरु कालीचरण कटप्पा और चेला वीर बाहुबली ने दर्शकों को हँसा हँसा कर लोटपोट कर दिया। संबोधन में थानसिंह दीवान ने कहा कि रासेयो स्व अनुशासन की शिक्षा देकर समाज सेवा की भावना जागृत कर युवायों के व्यक्तित्त्व निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रही है। पुकलाल चंद्राकर, परस राम सोनवानी तथा आशाराम मोंगरे ने भी एनएनएस खम्हरिया के क्रिया कलापों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कैम्प में कुल 62 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। राहुल, रूपेश, जय प्रकाश, अनिकेत, दुर्गेश, दीपक, सुमित, स्वीटी, भूमिका, भारती, गरिमा, लक्की, रमाकांत, यमन ,हर्ष, भूपेश, पुष्कर दलनायक बनाए गए थे। स्टाफ से दीप्ति शर्मा, सृष्टि साहू, धनेश्वरी साहू, खेमलता पटेल, रोहित ठाकुर, नरेश कुमार तथा रसोइया मोहित यादव तथा शा प्राथमिक शाला पेंड्रा के प्रधान पाटम शिवकुमार सिन्हा एवम सुनीता महानंद का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। रासेयो के पूर्व स्वयम सेवको में रूपेश सिन्हा, तरुण सिन्हा, खेमनाथ, तेज देवांगन, साहिल, इंगेश, शोतन, ओमप्रकाश का विशेष सहयोग रहा। नागरिकों में हेमिन संतोष ध्रुव सरपंच तुसदा, राजेश सिन्हा खम्हरिया, तुलसी सिन्हा खम्हरिया, ग्राम पेंड्रा के खेम सिंह ध्रुव पूर्व प्राचार्य कमरौद, बसंत ध्रुव, मोहर सिंग ध्रुव अध्यक्ष शाला विकास समिति पेंड्रा, शिव कुमार सिन्हा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पेंड्रा, हीरामन ध्रुव पूर्व सरपंच तुसदा, चंद्रावती निर्मलकर पंच, ओम प्रकाश यादव पंच, साकेत ध्रुव, पन्नालाल निर्मलकर, पीलू राम साहू, देव आनंद निर्मलकर, मानसिंह ठाकुर,माखन साहू,पन्नालाल ध्रुव, टीकू साहू, मनीष ठाकुर, राम नारायण ध्रुव, हेम सिंह ध्रुव, रोशन ध्रुव,जीवनलाल ध्रुव, राधेश्याम निर्मलकर, कीर्तन ध्रुव, पवन निर्मलकर, आनंद निर्मलकर, खिलावन तांडे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति शर्मा सांस्कृतिक प्रभारी एवम आभार प्रदर्शन संस्था प्रभारी नारायण चौधरी ने किया।

# स्वयं सेवकों ने परियोजना कार्य व बौद्धिक परिचर्चा में लिया हिस्सा

## शाउमावि बारनवापारा के एनएसएस शिविर ग्राम भिंभौरी 23 से 29 दिसंबर तक चला, अनेक रचनात्मक कार्य भी किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार नवापारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भिंभौरी आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक चले इस शिविर के माध्यम से 38 शिविरार्थियों ने विभिन्न कई महत्वपूर्ण कार्यों को संपादित किया। शिविरार्थी स्वयं सेवकों ने तय निर्धारित समय अनुसार परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। शिविरार्थी समूह को चार भिन्न-भिन्न टोलियों में कर्तव्य पालन के लिए विभिक्त किया गया था। जिससे दायित्व में आए कार्यों में स्पर्धा के गुर भी इन्हें सिखने मिला। वहीं मंच संचालन व अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़ नेतृत्व क्षमता निखारने का अवसर प्रदान किया गया। रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्रशंसा बटोरे। इस शिविर के दौर में जनजागृति संदेश भी पहुंचाया गया। वहीं विभिन्न सत्रों में मौका दौरान पहुंचे अतिथियों ने भी इनके कार्यों की सराहना के साथ उज्ज्वल भविष्य के कामना करते अपने विचार-अनुभवों को इन्हें साझा किया। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य,



योगाभ्यास व विभिन्न शिक्षाप्रद ज्ञान की बातें शामिल रही।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत भिंभौरी सरपंच पुष्पा ठाकुर व अध्यक्षता सचिव श्यामानंद साहू के साथ अतिथियों के हाथों शिविरार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र का सम्मान दिया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार वर्मा को श्रीफल, शाल व शील्ड प्रदान कर सम्मानित कर पंचायत की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने सेवाभावी कार्यों के लिए शिविरार्थियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इसके पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों ने सरपंच, सचिव व अन्य सभी अतिथियों का भव्य स्वागत-सत्कार कर उनके अहम सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। प्रमुख रूप से मौके पर ग्राम प्रमुख भिंभौरी राजकुमार दीवान, मितानिन सरस्वती बाई, दसमत दीवान, अजय सेन, निर्मला बाई पंच, समारू दीवान व सरपंच प्रतिनिधि जनकराम ठाकुर विशिष्ट अतिथि रहे। शिविर का शुभारंभ दिवस ध्वजारोहण एवं पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से शुकदेव चौहान, फिरतू राम के साथ कार्यक्रम अधिकारी, स्वयं सेवक व ग्रामीण शरीक हुए। शिविर अवधि में युवा गौतम पारेश्वर ने भी शिरकत की। शिविरार्थियों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के दौर में जल संचयन-संरक्षण के लिए बालमदेही नदी में बोरी बंधान व रपटा निर्माण कार्य, देवस्थानों, अहाता, स्कूल भवन व सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई व लिपाई-पुताई, तुरतुरिया में सफाई व जनजागृति संदेश, मेस कर्तव्य पालन, ध्यान इत्यादि प्रमुख कार्यक्रम सम्मिलित रहा। प्रतिवेदन का वाचन शिविर अध्यक्ष रूद्रकुमार भारद्वाज ने किया। यह सप्ताहिक शिविर नशा मुक्ति समाज के लिए युवा थीम पर आधारित रहा।

